केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.

******

दिनांक: 09.10.2018

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2018/260

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2018/00228
CICOM/R/2018/00135

अपीलकर्ता : श्री विशाल गोयल,
95, सोना एन्क्लेव (सुमन सिनेमा के सामने)
मोती नगर, गाजियाबाद,
उत्तर प्रदेश – 201204.

निर्णय की तारीख: 09.10.2018

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 27.01.2018 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 28.02.2018, 11.05.2018 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री के. एल. दास |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 25.09.2018 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 461/03.10.2018 (3397/28.09.2018) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 27.01.2018 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से केन्द्रीय सूचना आयोग को प्रेषित अपने दिनांक 07.12.2018 के पत्र की गई कार्यवाही से संबंधित दो बिन्दुओं पर सूचनाएं मांगी गई थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री के. एल. दास, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध प्रथम अपील दाखिल की गई है ।

2. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन एवं आर.टी.आई. आवेदन) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के उक्त आर.टी.आई. आवेदन के संदर्भ में श्री के. एल. दास, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा पत्र सं. CICOM/R/2018/00135-DR (IC-BJ) दिनांक 28.02.2018 के माध्यम से सूचित किया गया कि संबंधित फाइल रिकार्ड रूम से मंगवाई गई है, फाइल प्राप्त होने पर सूचना दी जाएगी एवं समसंख्यक पत्र दिनांक 11.05.2018 के माध्यम से अपीलकर्ता को सूचित किया गया कि आयोग के संबंधित आदेश सं. CIC/UGCOM/A/2017/179901/MP का अनुपालन रिपोर्ट संबंधित विभाग (यू.जी.सी., बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली) से मंगवाई गई है, अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त होते ही सूचना दी जाएगी । **तद्नुसार श्री के. एल. दास, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त-बी.जे. कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि यदि संबंधित विभाग से अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त हो गई हो तो इस आदेश की प्राप्ति के दस कार्यदिवसों कें अंदर अपीलकर्ता को पूर्ण एवं स्पष्ट सूचना उपलब्ध करवाई जाए ।**

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 में की जा सकती है ।

C. I. C./के॰ सू॰ आ॰
RECEIVED
16 OCT 2018
D. No.........
Initials.........

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष – 011-26162290

प्रतिलिपि :

1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री के. एल. दास, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त-बी.जे. कार्यालय, के.सू.आ., नई दिल्ली ।